**बैठक**

**उत्तर प्रदेश शासन**
**कार्मिक अनुभाग-1**
**संख्या- 12/2022/947 /सैंतालिस-का-1-2022-13(5)/2022**
**लखनऊ:: दिनांक 18 अगस्त , 2022**

**समस्त अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव,**
**उत्तर प्रदेश शासन।**

आप अवगत है कि:-

(1) कार्मिक अनुभाग-1 के पत्र संख्या-3/2022/235/का-1-2022-13(1)/2022 दिनांक 20.04.2022 के माध्यम से पदोन्नति द्वारा भरे जाने वाले पदों के सापेक्ष पदोन्नति हेतु चयन की कार्यवाही दिनांक 30.09.2022 तक सम्पन्न कराये जाने के निर्देश प्रसारित किये गये है। उक्त निर्देशों में वर्ष 2022-23 में विभागाध्यक्ष/अपर विभागाध्यक्ष के पदों पर पदोन्नति हेतु ऐसे चयन जो मुख्य सचिव की अध्यक्षता में कार्मिक विभाग के माध्यम से सम्पन्न कराये जाने है, हेतु नियमानुसार प्रस्ताव 31.07.2022 तक उपलब्ध कराये जाने की अपेक्षा की गयी है।

(2) कार्मिक विभाग प्रशिक्षण समन्वय कोष्ठक के पत्र संख्या-10/2022/43/24/8/76/का-प्रसको/2022 दिनांक 31 मई 2022 द्वारा सभी विभागों के सीधी भर्ती के कार्मिकों तथा प्रोन्नत अधिकारियों के लिए आधारभूत प्रशिक्षण तथा सेवाकालीन प्रशिक्षण सुनिश्चित किये जाने के दृष्टिगत विभिन्न विभागों में संचालित प्रशिक्षण संस्थानों का इष्टतम उपयोग सुनिश्चित किये जाने एवं जिन विभागों में अपने प्रशिक्षण संस्थान नहीं है उनको संबंधित सेक्टर के संस्थानों में प्रशिक्षण दिलाये जाने के निर्देश दिये गये थे। उक्त के अतिरिक्त कार्मिक अनुभाग-1 के पत्र संख्या-11/2022/47-का-1/2022/13(3)/2022 दिनांक 16.08.2022 के माध्यम से उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक (अनुशासन एवं अपील) नियमावली, 1999 के नियमों के संबंध में प्रशिक्षण कराने हेतु Comprehensive plan तैयार कराने की अपेक्षा की गयी है।

(3) कार्मिक अनुभाग-4 के पत्र संख्या-08/2022/सा0-119/47-4-2022-(1/3/96) दिनांक 13.05.2022 के माध्यम से समूह 'ग' के कार्मिकों का प्रत्येक 03 वर्ष के उपरान्त पटल/क्षेत्र परिवर्तन करते हुए विभागाध्यक्षों द्वारा ऐसे प्रमाण-पत्र संबंधित प्रशासकीय विभाग को उपलब्ध कराये जाने की अपेक्षा की गयी थी।

2- उपर्युक्त वर्णित बिन्दुओं के संबंध में अद्यतन प्रगति की समीक्षा हेतु **अपर मुख्य सचिव, कार्मिक विभाग के लोक भवन स्थित कार्यालय कक्ष में संलग्न विवरण (संलग्नक-2) के अनुसार प्रतिदिन सायं 06.00 बजे से समीक्षा बैठक आहूत की गयी है।**

अतः अनुरोध है कि कृपया संलग्न सूची में अंकित तिथि को बैठक में संलग्न प्रारूप (संलग्नक-1) पर संगत सूचनाओं सहित प्रतिभाग करने हेतु विशेष सचिव स्तर से अनिम्न अधिकारी को निदेशित करने का कष्ट करें।

संलग्नक:यथोपरि।

(राजेश प्रताप सिंह)
विशेष सचिव

## सूचना हेतु प्रारूप

संलग्नक-1

| बिन्दु संख्या | विषय | अनुपालन की स्थिति | अनुपालन न होने के कारण | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | विभागाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष से एक पंक्ति नीचे के पद पर पदोन्नति हेतु कार्मिक विभाग को प्रस्ताव प्रेषित किया जाना | | | |
| 2 | उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक (अनुशासन एवं अपील) नियमावली, 1999 के नियमों के संबंध में प्रशिक्षण (आधारभूत एवं सेवाकालीन) कराने हेतु Comprehensive plan तैयार कराया जाना। | | | |
| 3 | समूह ग के कार्मिको का पटल/क्षेत्र परिवर्तन | | | |

## बैठक हेतु विभागवार/तिथिवार विवरण

संलग्नक-2

| तिथि | विभाग का नाम |
|---|---|
| 22.08.2022 | लोक निर्माण, कृषि, कृषि विपणन एवं विदेश व्यापार, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान, पशुधन, चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास, ग्रामीण अभियंत्रण, आबकारी, सहकारिता, समाज कल्याण, खेल, औद्योगिक विकास, रेशम। |
| 23.08.2022 | सिंचाई एवं जल संसाधन, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति, युवा कल्याण, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन, सचिवालय प्रशासन, आई0टी0 एवं इलेक्ट्रानिक्स, उद्यान, खादी एवं ग्रामोद्योग, वित्त, होमगार्ड्स। |
| 24.08.2022 | राजस्व, प्राविधिक शिक्षा, न्याय, सार्वजनिक उद्यम, ग्राम्य विकास, पंचायती राज, माध्यमिक शिक्षा, व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास, बेसिक शिक्षा, आवास एवं शहरी नियोजन, राज्य कर, ऊर्जा, खाद्य एवं रसद, उपभोक्ता संरक्षण एवं बाट माप, परिवहन, श्रम, सूचना। |
| 25.08.2022 | चिकित्सा शिक्षा, आयुष, नियोजन, चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, राज्य संपत्ति, गृह, गोपन, सतर्कता, कारागार प्रशासन एवं सुधार, संस्कृति, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग, कार्मिक एवं नियुक्ति, पर्यटन। |
| 26.08.2022 | भूतत्व एवं खनिकर्म अल्पसंख्यक कल्याण, पिछडा वर्ग कल्याण, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, विकलांग कल्याण, स्टाम्प एवं रजिस्टेशन, नगर विकास, बाल विकास एवं पुष्टाहार, महिला कल्याण, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम, मत्स्य, दुग्ध विकास, उच्च शिक्षा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी। |